“घर” विशेषांक

राजस्थान सरकार





# हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

RSCERT Udaipur



**19 सितम्बर 2020: शनिवार: अंक – 21**

## चूहा सिकंदर, घर के अंदर

**आज की कहानी**

“एक बार मिथुन के घर में एक चूहा दाखिल होता है। सबसे पहले उसे दादी देखती हैं, उसके बाद मिथुन के मम्मी- पापा। फिर तो घर में अफरातफरी मच जाती है। घर में एक चूहे के आने से क्या कुछ हुआ? जोश भरी इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

3 – 10 वर्ष के बच्चों के लिए | स्टोरीवीवर




## घर

**आज की कहानी**

"एक कहानी जो घर के असल मायनों की पड़ताल करती है और कैसे इससे दूर जाना और वहाँ वापिस लौट कर नहीं आ पाना हमारी मर्ज़ी पर निर्भर नहीं करता, यह बयाँ करती है। इस मार्मिक कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।“

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | पराग




## घर

**आज की किताब**

“साही चूहे का घर टूट गया है। उसे जल्दी से एक नया घर ढूँढना है। वह एक के बाद एक कई घर तलाशता है, पर उनमें से उसे कोई भी जमता नहीं। क्या साही चूहे को कहीं नया घर मिला होगा? इस प्यारी सी किताब को पढ़ने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।“

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | रूम-टू-रीड




## ‘घर’ थीम पर लाइब्रेरी डिस्प्ले

**आज की गतिविधि**

लाइब्रेरी में कुछ गतिविधियाँ बच्चों को किताबों से रूबरू करवाती हैं। ये किताबों से जुड़ने का मौका भी देती हैं। इस बार हम सीखेंगे ‘घर’ थीम पर लाइब्रेरी डिस्प्ले लगाना। इस गतिविधि का वीडियो देखने के लिए इसके चित्र पर क्लिक करें।

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | पराग



## हल्की नीली दुनिया

**टीचर्स कॉर्नर**

“दूर-दराज़ से देखने पर छोटे और अदना से बिंदु में किसी की कोई रूचि नहीं होगी। पर हमारे लिए यह हल्का नीला धब्बा बहुत अहम् है क्योंकि यह हमारा घर है। यहाँ हम रहते हैं। कार्ल सगान की किताब ‘कॉसमॉस’ पर आधारित इस वीडियो को देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।“

शिक्षकों के लिए | अरविंद गुप्ता टॉयज



#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

अब बच्चे मोबाइल के माध्यम से रोज़ नई-नई मज़ेदार कहानियाँ सुन सकते हैं। इसके लिए बस एक Toll- Free Number - 18005729070 डायल कीजिए और अपनी मनपसंद कहानियाँ सुनिए ।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।